SIMRAN
FARMS LIMITED
Reg. Office: 1-B, Vikas Rekha Complex, Tower Chouraha,
Khatiwala Tank, Indore - 452 001 (M.P.)
Phone : 0731-4255900 Fax : 0731-4255949
[redacted]
CIN : L01222MP1984PLC002627
E.Mail.: compliance@simranfarms.com

**SFL/BSE/09/2021-22** **Online filing at listing.bseindia.com** **2nd July, 2021**

To,
The Secretary,
Corporate Relationship Department,
**Bombay Stock Exchange Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai-400 001

Dear Sir

**Sub: Compliance under Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

**Ref: Simran Farms Limited (BSE Scrip Code 519566; ISIN No. INE354D01017)**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Reg. 47 of SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed copies of Extracts of Financial Results for Quarter and Year ended on 31st March, 2021 published in Newspaper i.e. Free Press Indore (in English) and Choutha Sansaar (in Hindi) on 2nd July, 2021.

You are requested to kindly take above information on your records.

Thanking You,

Yours Faithfully,
**For, SIMRAN FARMS LIMITED**

**CS Tanu Parmar**
**CS & Compliance Officer**
**M. No. A34769**
**Encl: As above**

# एक नजर

## फर्जी मार्कशीट देने वाले दो शिक्षक सेवामुक्त

**इंदौर।** जिले में शासकीय स्कूलों में पदस्थ दो शिक्षकों को डीएड की फर्जी मार्कशीट प्रस्तुत करने पर सेवामुक्त किया गया है। इनके विरूद्ध पुलिस कार्रवाई की जायेगी एवं भुगतान किये गये वेतन की नियमानुसार वसूली भी होगी। यह कार्रवाई कलेक्टर मनीष सिंह से अनुमोदन के पश्चात की गई है। यह कार्रवाई सांवेर के पटवाखेड़ी में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक चिन्तामण देथलिया और महू के धोडबड़ में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक गोकुल सोलंकी के विरूद्ध की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासकीय प्राथमिक विद्यालय पटवाखेडी सांवेर जिला इंदौर के प्राथमिक शिक्षक चिन्तामण देथलिया के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई थी कि इनकी डी.एड की मार्कशीट फर्जी है। शिकायत पर जॉच कमेटी गठित कर जाँच कराई गई। जाँच में शिकायत सही पाई गई।

## शराब के लिए दुकान पर पथराव

**इंदौर।** चंदन नगर इलाके में एक शराब दुकान पर एक शराबी ने एक पत्थर बरसा दिए। शराबी मुफ्त में शराब की बोतल मांग रहा था। वाइन शॉप पर काम करने वाले कर्मचारी ने उसे बोतल देने से मना कर दिया था। चंदननगर पुलिस के अनुसार घटना नावदापंथ धार रोड वाइन शॉप की है। फरियादी हर्षित पिता अशोक मिश्रा निवासी न्यू सीता नगर की शिकायत पर आरोपी एकलव्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी हर्षित ने बताया कि एकलव्य वाइन शॉप पर आया और फ्री में बीयर की बोतल मांगने लगा। उसने इनकार किया तो आरोपी गाली गलौज और मारपीट करने लग गया था। इसके बाद उसने वहीं पर पड़े हुए पत्थर उठाकर दुकान में बरसाए इससे कुछ शराब की बोतलें भी फूट गई।

## नवजात का शव मिला

**इंदौर/ महू।** समीपस्थ महू स्थित खान कॉलोनी में आज सुबह एक नवजात शिशु का शव मिला है। बच्चे की उम्र लगभग 2 दिन है। उसे किस ने वहां पर फेंका है पुलिस इसकी जांच कर रही है। दरअसल खान कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने आज सुबह कचरे के ढेर के पास एक नवजात शिशु को देखा ।। उसकी जांच की गई तो वह मृत मिला। बच्चे को कचरे के ढेर में देखा गया था। आंगनवाड़ी महिलाओं ने बच्चे के शव को अस्पताल पहुंचाया साथ ही पुलिस को भी खबर की। नवजात को किसने वहां पर का पुलिस उसकी तलाश कर रही है।आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी तलाशे जा रहे हैं।

## 10 रुपए मांगकर लगाई 90 हजार की चपत

**इंदौर।** धोखाधड़ी के एक मामले में 2 साल बाद यदि कोई एफआईआर दर्ज हुई है। भंवरकुआं थाना क्षेत्र के विष्णुपुरी में रहने वाली मनप्रीत पति रणजीत सिंह ने इंटरनेट पर एक साड़ी पसंद की। उसका ऑनलाइन ऑर्डर किया। इसके तुरंत बाद महिला के पास एक फोन आया तो शातिर ठग ने कहा कि ब्लू डॉट कंपनी से बात कर रहा हूं। यदि आपको साड़ी की डिलीवरी यदि आप के घर पर चाहते हैं। तो सिर्फ 10 रुपए का ऑनलाइन पेमेंट करना होगा। 10 रुपए की बात सुनकर मनप्रीत ने तुरंत फोन लगाने वाले व्यक्ति को कहा कि आप डिलीवरी कर दीजिए और घर से रुपए मिल जाएंगे।

## सांसद ने डॉक्टर का सम्मान किया

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज नेशनल डॉक्टर्स डे पर मनाया जा रहा है।सांसद ने डॉक्टर का सम्मान किया। सांसद शंकर लालवानी ने आज सुबह आनंद बाजार में सुलभ पैथालॉजी लेब पर पहुचकर डॉ.शीतल जैन का शॉल श्रीफल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस दौरान भाजपा नेता शैलेन्द्र महाजन, अरविंद उपाध्याय, अनीश खान,महेश जोशी,अखिलेश शर्मा,शैलेन्द्र मोदी,मनीष सोनकर,सुशील जैन,राम सोनी,प्रवीण कौशल आदि मौजूद थे।

# सूदखोरी से परेशान शोरूम मालिक ने जहर खाकर दी जान

नगर प्रतिनिधि

**इंदौर।** शिप्रा थाना क्षेत्र में कल एक शोरूम संचालक ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है शराब कारोबारी से उसने 10% ब्याज पर पैसा उधार ले रखा था। शराब कारोबारी और उसके गुंडे लगातार पैसों के लिए दबाव बना रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम मनोज पटेल निवासी ग्राम बूढ़ी बरलाई है। मनोज की चाची सुनीता पटेल गांव की सरपंच है। मनोज का गाड़ियों का शोरूम भी गांव में ही है। उसके चाचा राजेंद्र पटेल ने आरोप लगाते हुए बताया कि शराब कारोबारी दीपक जायसवाल और ईश्वर व्यास मनोज को लगातार धमकियां दे रहे थे। बताया जा रहा है मनोज ने मोटे ब्याज दर पर दीपक और ईश्वर से रुपया उधार ले रखा था। कल भी दोनों ने शोरूम पर आकर मनोज को धमकाया था। इससे आहत होकर वह घर आया और जहर खाकर सो गया। उसकी जब तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे बांबे अस्पताल लेकर जहां उसकी मौत हो गई मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## 13 साल के बालक ने लगाई फांसी, परिजन ने बचाई जान

बाणगंगा थाना क्षेत्र में बुधवार रात 13 वर्षीय बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। माता-पिता ने उसे समय पर देख लिया और अस्पताल ले गए। बच्चे को पडोसियों ने पीट दिया था। इससे दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बच्चे की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक घटना रात करीब 10 बजे वाल्मिकी नगर की है। सूचना मिली थी कि 13 वर्षीय निहालसिंह पुत्र शेखर वाल्मिकी ने फांसी लगाई है। स्वजन उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल ले गए। देर रात डाक्टरों ने उसे डिस्चार्ज कर दिया। मां लक्ष्मी ने पुलिस को बताया कि निहाल कक्षा नौवीं का छात्र है। रात को छोटे भाई अंशु के साथ छुपम-छुपाई खेल कर रहा था। गली में दौड़ कर अंशु का पीछा कर रहा था तो पड़ौसी संजय गौड़ और अप्पू गौड़ ने उसे पकड़ लिया और गालियां दीं। निहाल ने उन्हें कहा आप गालियां क्यों दे रहे हो तो उसके साथ मारपीट कर दी। चौराहा पर लेकर आए और पिटाई कर भगा दिया। निहाल ने घर आकर मां को घटना बताई तो उसने कहा तुम घर में रहना। उनसे लड़ने की क्या जरूरत है। थोड़ी देर बाद वह बाथरुम में गया और दुपट्टे से फांसी लगा ली। पिता शेखर और मां लक्ष्मी ने उसे देखा और फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए। डाक्टरों ने बताया कि फांसी लगाने से निहाल की गर्दन में गहरा जख्म है।




# कांग्रेस सेवादल ने बाबा रामदेव को याद दिलाया अपना वादा

## पेट्रोल,डीजल 35 रु लीटर एवं गैस की टंकी 300 रु में देने की माँग

**इंदौर।** इंदौर शहर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष मुकेश यादव ने बाबा रामदेव को पत्र लिखकर 2014 एवं 2019 के चुनावों में जनता से किये अपने वादे को याद दिलाया,और पेट्रोल, डीजल 35 रु लीटर एवं गैस की टंकी 300 रु में में जनता को देने की मांग की।

सेवादल अध्यक्ष मुकेश यादव ने अपने पत्र में बाबा रामदेव से अनुरोध किया कि आपने 2014 एवं 2019 के चुनावों में पेट्रोल डीजल 30 लीटर चाहिए तो मोदी को वोट देने की अपील की थी। जिसे हर नेशनल न्यूज चैनलों ने बताया था।आपकी महँगाई कम करने की बात को मानकर हिंदुस्तान की जनता ने मोदी जी को भारी मतों से जिताया। लेकिन आज भारत की जनता महँगाई से त्रस्त है,महँगाई बेकाबू होती जा रही है,पेट्रोल 110 के करीब,डीजल 100 के पार और गैस 1000 में कुछ कम हो गई है। इस हेतु सेवादल के लोग अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में जंजीर वाला चौराहा स्तिथ पतंजलि के मुख्य आउटलेट पर बाबा के नाम का पत्र लेकर पहुँचे, लेकिन वहाँ पर उपस्थित स्टाफ ने पत्र लेने से मना करने के बाद बाबा के फोटो के नीचे पत्र को चस्पा कर बाबा को मैसेज पहुँचाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमित चौरसिया,देवेन्द्र सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

## मुहिम में 70 से ज्यादा नशेड़िओं को पकड़ा

**इंदौर।** इंदौर पुलिस ने कल नशेड़ीओ के खिलाफ अभियान चलाया। शहर भर की पुलिस अपने थाना क्षेत्रों के नशेड़ीओ की धरपकड़ में घंटों तक लगी रही। इस मुहिम में 70 से ज्यादा नशेड़ीओ को नशा करते हुए पकड़ा। उनके खिलाफ कार्रवाई भी की गई है।

**आम सूचना**

**रजिस्ट्री की मूल प्रति गुम हो जाने बावद्**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आस्था फाउंडेशन फॉर एजुकेशन सोसायटी (पंजीयन क्रमांक 03/27/03/09398/05) पंजीकृत कार्यालय आस्था फाउंडेशन फॉर एजुकेशन सोसायटी (सेवाकुंज अस्पताल), सेफ परिसर, कनाड़िया, तहसील कनाड़िया, जिला इन्दौर द्वारा अध्यक्ष के स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि खसरा नं. 1146/4 रकबा 0.462 हैक्टेयर एवं खसरा नं. 1147/3 रकबा 0.214 हैक्टेयर कुल रकबा 0.676 हैक्टेयर अर्थात 1.670 एकड़ स्थित ग्राम कनाड़िया, प.ह.नं. 23, नया 49, तहसील इन्दौर, जिला इन्दौर में स्थित है, उक्त संपत्ति हमारे द्वारा श्रीमती कलावती पत्नी श्री पुरूषोत्तम जोशी द्वारा अधिकृत आम मुख्यार श्री मुनीष चंडोक पिता स्व. श्री भजन चंडोक से क्रय की गई थी जिसका इंद्राज उपपंजीयक कार्यालय में दिनांक 23.12.2006 को करवाया गया था। श्री आस्था फाउंडेशन फॉर एजुकेशन सोसायटी (पंजीयन क्रमांक 03/27/03/09398/05) पंजीकृत कार्यालय 13/4, न्यू पलासिया, इन्दौर तर्फे अध्यक्ष श्री विमलचंद छजलानी आत्मज स्व. श्री लाभचंद छजलानी, निवासी 65, बाबु लाभचंद छजलानी मार्ग, नई दुनिया परिसर, इन्दौर, सचिव श्री दिलीप सुराणा आत्मज श्री गेंदालाल जी सुराणा, निवासी 286, साकेत नगर, इन्दौर, कोषाध्यक्ष श्री ताहेर अली आत्मज श्री अकबर अली, निवासी 142, सैफी नगर, इन्दौर के नाम एवं आधिपत्य की **मूल रजिस्ट्री गुम हो गई है।** विक्रय पत्र दिनांक 23.12.2006 पुस्तक नं. अ-1, ग्रन्थ नं. 858, दस्तावेज नं. 2499जी उक्त मूल विक्रय पत्र किसी भी व्यक्ति, संस्था को मिला हो अथवा मिलता है अथवा किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक के पास भार स्वरूप जमा हो तो कृपया मुझे **15 दिन** के अन्दर सूचित करें। साथ ही बैंक अथवा वित्तीय संस्था के पास मूल दस्तावेज जमा कर किसी भी प्रकार की ऋण सुविधा प्राप्त करता है, तो भी सूचित करने का कष्ट करें।

**अनिल कुमार सोनी** (अधिवक्ता भोपाल)
बी-02, बी-सेक्टर, यशराज परिसर
विद्या नगर, होशंगाबाद रोड, भोपाल
मो. 83194-42448, 94250-47046

# शराब से भरा वाहन छोड़ भागे तस्कर

**इंदौर।** चंद्रावतीगंज पुलिस ने कल रात 9 लाख रुपए की अवैध शराब के साथ एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा है। गश्त कर रही पुलिस जब शराब तस्करों के पीछे लगी तो आरोपियों ने गड्ढे में गाड़ी कूदा दी और अंधेरे में भाग निकले। गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। एसपी पश्चिम महेश चंद्र जैन के अनुसार कल रात करीब 3 बजे चंद्रावतीगंज पुलिस ने कछालिया गांव वाले मार्ग पर यह कार्रवाई की है। दरअसल पुलिस का गश्ती दल वहां घूम रहा था। उसी दौरान एक संदिग्ध पिकअप गाड़ी वहां से गुजरी। पुलिसकर्मियों ने उसे रोकने की कोशिश की तो ड्राइवर ने उसे भगाना शुरू कर दिया। थोड़ी दूर जाकर गाड़ी गड्ढे में फस गई। तब गाड़ी चला रहा ड्राइवर और उसका साथी वहां से भाग निकले। पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें 200 पेटी अवैध शराब मिली है। गाड़ी नंबर के आधार पर शराब तस्करों की तलाश जारी है।



## नाले में मिली बुजुर्ग महिला की लाश

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र के एक नाले में एक बुजुर्ग महिला की लाश मिली है। वह देवास की रहने वाली थी। वह इंदौर क्या करने आई थी पुलिस इसकी जांच कर रही है। तुकोगंज थाने में पदस्थ थानेदार मालवीय के अनुसार कल सूचना मिली थी कि अमर टेकरी नाले में एक बुजुर्ग महिला का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाया। महिला की पहचान दुर्गा बाई पति पूनम चंद निवासी वासुदेव पूरा के रूप में हुई है। कल देर रात उसके परिजन भी इंदौर आ गए थे। बतायागया कि महिला नाला पार कर रही थी वह जिस पाइप पर से गुजर रही थी उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह नीचे गिर गई वहीं उसकी मौत हो गई थी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, पूर्व में मेरा नाम **प्रणित** था जो अब बदलकर **प्रणित गामी** पिता नितिन गामी हो गया है। अतः अब मुझे भविष्य में मुझे **प्रणित गामी** नाम से जाना पहचाना जावे। सो विदित होवे।

**नितिन गामी**
सी-173, बसंत विहार कॉलोनी,
ए.बी. रोड, बाम्बे अस्पताल के पीछे, इंदौर

## खेत से ट्रैक्टर निकालने पर भिड़े दो पक्ष

**इंदौर।** ग्रामीण अंचल में 2 किसान परिवार आपस में भिड़ लिए। दोनों आपस में रिश्तेदार भी है। इस झगड़े में 2 लोग घायल हुए हैं। एक पक्ष ने दूसरे पर जबरदस्ती उनके खेत से ट्रैक्टर निकालने का आरोप लगाया तो दूसरे ने खेत पर कब्जे का करने के लिए पोल गाड़ने का आरोप लगाया है। मामला गौतमपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जलोदिया का है। एक पक्ष से फरियादी अल्ताफ पिता अजीत की शिकायत पर आरोपी लियाकत, सद्दाम और सरफराज के खिलाफ जबकि दूसरे पक्ष से लियाकत की शिकायत पर आरोपी अल्ताफ ,अरबाज, अजीज और साबिर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। अल्ताफ ने बताया कि आरोपियों ने खेत से ट्रैक्टर निकालने के बाद पर उन्हें न केवल गालियां दी बल्कि लकड़ी के डंडों से मारपीट भी की है।

# विवाद के बाद आटो चालक की संदिग्ध मौत

## परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया, शार्ट पीएम रिपोर्ट में कार्डियक अटैक से होना बताया

**इंदौर।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में कल रात एक युवक को कुछ बदमाशों ने पीट दिया। परिजन उसे बेसुध हालात में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां मौत हो गई। पीएम रिपोर्ट में मौत कार्डियेक अटैक से होना पाया गया है, वहीं शरीर पर भी कोई गंभीर निशान नहीं होने से पुलिस पसोपेश में है। वहीं परिजन पड़ोसियों पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार मामला नंदननगर है। मृतक का नाम जितेंद्र पिता मनोहर सैनी (35) है। वह आटो चलाता है। जितेंद्र के भाई ने बताया कि कल रात को वह गाड़ी लेकर लौटा और घर के बाहर बैठा था, उसी दौरान भय्यू पंडित, सचिन और उसके साथी वहां पहुंचे। उन्होंने जितेंद्र को पहले बाहर ही चांटे मारे, फिर पकड़ कर उसके कमरे में ले गए। आरोप है कि करीब आधे घंटे तक जितेंद्र के साथ जमकर मारपीट की गई। मोहल्ले में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकले।

### रास्ते में ही दम तोड़ दिया

जितेंद्र के परिवार वाले उसे बेसुध इलाज के लिए तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची चंदननगर पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए मर्ग कायम किया है।

### गंभीर निशान नहीं

चंदननगर टीआई योगेशसिंह तोमर के अनुसार शाम को मिली शार्ट पीएम रिपोर्ट में मौत की वजह कार्डियेक अटैक बताई जा रही है। वहीं शरीर पर भी ऐसा कोई गंभीर निशान नहीं मिला है। मामले में और जांच करा रहे हैं। इसके बाद ही कार्रवाई होगी।

उधर जितेन्द्र की पत्नी कंचन ने बताया कि पास में ही रहने वाला भय्यू पंडित आए दिन पति से विवाद करता रहता था, जिसे वह नजरअंदाज कर देता था। आरोपी नशे के कारोबार से जुड़े हुए हैं, इसके चलते उसके साथ हमेशा लोग जमा रहते हैं। कल इसी का फायदा उठाकर साथियों के साथ मिलकर हमला कर दिया।

**CHOKSI LABORATORIES LIMITED**

CIN : L85195MP1993PLC007471

**Regd. Off.:** Survey No. 9/1, Near Tulsiyana Industrial Park, Gram Kumedi, Indore-452010 (M.P.)
Phone: 0731-3501112, E-mail: **compliance_officer@choksilab.com**, Website: **www.choksilab.com**

**Extracts of Standalone Audited Financial Results for the Fourth Quarter and Year ended 31st March, 2021**

(₹ in Lacs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended 31st March 2021 | Year Ended 31st March 2020 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | On 31st March 2021 | On 31st December 2020 | On 31st March 2020 | | |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total Income from Operation | 737.05 | 637.82 | 620.45 | 2617.62 | 2848.79 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional Item and / or Extra-ordinary Item) | (42.81) | (99.72) | (160.46) | (280.82) | (328.37) |
| 3 | Net Profit for the period (after Exceptional Item and / or Extra-ordinary Item) | (42.81) | (99.72) | (160.46) | (280.82) | (328.37) |
| 4 | Net Profit for the period after Tax (after Exceptional Item and / or Extra-ordinary Item) | (39.00) | (107.83) | (242.63) | (260.77) | (388.49) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after Tax)] | (31.20) | (105.98) | (227.78) | (247.42) | (372.59) |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value ₹10/- each per share) | 696.52 | 696.52 | 696.52 | 696.52 | 696.52 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as per Balance Sheet) | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | Earning Per Share (before and after extra-ordinary items) (of ₹10/- each) (1) Basic (2) Diluted | (0.56) (0.56) | (1.55) (1.55) | (3.48) (3.48) | (3.74) (3.74) | (5.58) (5.58) |

**Notes :**
1. The above is an extract of detailed format of Audited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange websites: **www.bseindia.com** and on the Company's website **www.choksilab.com.**
2. The above results were reviewed by the Audit Committee and approved at the meeting of the Board of Directors held on 30th June, 2021.
3. Figures of Previous period have been regrouped / reclassified wherever necessary, to make them comparable with current figures of current period.

By Order of the Board
For **Choksi Laboratories Limited**
Sd/-
**Sunil Choksi** (Managing Director)
DIN: 00155078

Place : **INDORE**
Date : **30th June, 2021**

**GODHA CABCON & INSULATION LIMITED**

CIN: L31909MP2016PLC041592
Regd. Off:36-D, Sector B Sanwer Road, Industrial Area, Indore Contact: 0731-4029509
email: compliance.godhacabcon@gmail.com

EXTRACT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2021

(Rs. in Lacs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | March 31, 2021 | December 31, 2020 | March 31, 2020 | March 31, 2021 | March 31, 2020 |
| | | Audited | Audited | Audited | Audited | Audited |
| 1 | Total income from operations | 2631.2 | 434.76 | 910.74 | 3,239.64 | 5,219.84 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional items ) | 71.73 | (6.35) | (55.65) | (48.80) | 60.47 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional items) | 71.73 | (6.35) | (55.65) | (48.80) | 60.47 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional items ) | 52.52 | (4.58) | (32.82) | (37.56) | 22.33 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 52.52 | (4.58) | (32.82) | (37.56) | 22.33 |
| 6 | Equity Share Capital | 1,110.40 | 1,110.40 | 1,110.40 | 1,110.40 | 1,110.40 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | | - | 1,325.53 | 1,363.10 |
| 8 | "Earnings Per Share (of Rs 10/- each) (for continuing and discontinued operations)" (1) Basic: (in Rs.) (2) Diluted: (in Rs.) | 0.47 0.47 | (0.04) (0.04) | (0.30) (0.30) | (0.34) (0.34) | 0.20 0.20 |

**Note:** 1. The above result have been reviewed by the audit committee and taken on record by board of directors at their respective meeting held on 30.06.2021 and same have been audited by auditor of the company.
2. Figures are regrouped/rearranged, wherever consider necessary
3. Segment reporting is not applicable to company as it does not operate multiple segment.
4. The figures of the quarter ended on 31st March 2021 are the balancing figures between Audited figures for the year ended on 31st March 2021 year to date figures upto quarter ended on March 2021

For Godha Cabcon & Insualtion Limited
Dipesh Godha
DIN: 07529876
Director and CEO

Place: Indore
Date: June 30, 2021

**SIMRAN FARMS LIMITED**

CIN: L01222MP1984PLC002627
Regd. Office: 1-B, Vikas Rekha Complex, Khatiwala Tank, Tower Square, Indore (M.P.) 452001
Phone: 0731-4255900, Fax: 0731-4255949, Website: www.simranfarms.com, Email: compliance@simranfarms.com

**AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & YEAR ENDED ON MARCH 31, 2021**

Amount In Lakhs (Except Earnings per share )

| Particulars | STANDALONE | | | CONSOLIDATED | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | Year Ended |
| | 31-Mar-2021 (Unaudited) | 31-Mar-2020 (Unaudited) | 31-Mar-2021 (Audited) | 31-Mar-2021 (Unaudited) | 31-Mar-2020 (Unaudited) | 31-Mar-2021 (Audited) |
| Total income from operations (net) | 7055.65 | 5630.24 | 32243.62 | 7055.65 | 5630.24 | 32243.62 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | -933.85 | -2608.88 | 2153.45 | -937.23 | -2605.73 | 2166.50 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -933.85 | -2608.88 | 2153.45 | -937.23 | -2605.73 | 2168.66 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -599.04 | -1861.27 | 1248.76 | -601.55 | -1858.85 | 1260.01 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | -583.02 | -1877.02 | 1264.78 | -585.09 | -1875.01 | 1274.09 |
| Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs. 10/- each) | 379.17 | 379.17 | 379.17 | 379.17 | 379.17 | 379.17 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | 0.00 | 0.00 | 1264.74 | 0.00 | 0.00 | 1329.29 |
| Earnings Per Share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | | |
| Basic : (in Rs.) | -15.80 | -49.09 | 32.93 | -15.85 | -49.45 | 33.18 |
| Diluted: (in Rs.) | -15.80 | -49.09 | 32.93 | -15.85 | -49.45 | 33.18 |

**Note:** The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/Annual Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and the Company's website (www.simranfarms.com)

Place: Indore
Date : 30-June-2021

For Simran Farms Limited
K. S. Bhatia (Whole-time Director)
DIN: 00401827

Sheetal

**कार्यालय नगर पालिका-सेंधवा जिला बड़वानी (म.प्र.)**

क्रमांक/2042/जलप्रदाय सेंधवा दिनांक 01.07.2021

**विज्ञप्ति**

नगर पालिका सेंधवा को 215 एचपी 3 PHASE ज्योति कंपनी के मोटर पम्प के लिए सोफ्ट स्टॉटर की आवश्यकता है जिसे क्रय किया जाना है। जिसमें व्यय लगभग 1.50 लाख रुपए होना है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है-

1- स्नाईडर ALTISTART 48
2- मॉडल ATS48C32Q
3- 3PHASE 415 V SUPPLY

अतः इच्छुक सप्लायर दिनांक 08.07.2021 को दोपहर 3.00 बजे तक नगर पालिका कार्यालय में अपने भाव पत्र सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**नोट-**

1- जीएसटी पृथक से देय होगा।
2- सप्लाय एवं इंस्टालेश कंपनी द्वारा किया जाना होगा जो 7 दिवस की अवधि में करना होगा।
3- न्यूनतम एक वर्ष की आनसाईड सर्वित एवं वारंटी देना होगी।
4- स्नाईडर एल. एण्ड टी, काम्टन ग्रिवस, सिमन्स एवं ए.बी.बी. कंपनी के अधिकृत डीलर के भाव ही मान्य होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका सेंधवा म.प्र.**

